web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 02 सितम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 333

## वित्त मंत्री का अर्थव्यवस्था में मंदी से इनकार

**» कहा- उद्योग जगत की समस्याओं पर सरकार का ध्यान**

**नई दिल्ली।** एक तरफ तमाम आंकड़े अर्थव्यवस्था में सुस्ती की ओर इशारा कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ सरकार लगातार इसका खंडन करने में जुटी है। इसी सिलसिले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने यह मानने से इनकार कर दिया कि देश की अर्थव्यवस्था मंदी की चपेट में है। यह पूछे जाने पर कि क्या अर्थव्यवस्था मंदी से जूझ रही है और क्या सरकार मंदी की खबरों से सहमत है, वित्त मंत्री ने इसका स्पष्ट जवाब नहीं देते हुए कहा कि वह उद्योग प्रतिनिधियों से मिल रही हैं और उनकी समस्याएं सुन रही हैं। सीतारमण ने कहा कि उद्योग जगत सरकार से क्या चाहता है, इस पर सुझाव ले रही हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसा दो बार कर चुकी हूं और आगे भी बार-बार करती रहूंगी।



वित्त मंत्री ने नौकरियां छिनने के सवाल पर कहा कि ज्यादातर जॉब्स असंगठित क्षेत्र में होती हैं जिनका डेटा सरकार के पास नहीं है। बैंकों के विलय के बाद नौकरियां जाने की आशंका को खारिज करते हुए उन्होंने एसबीआई का अन्य बैंकों के साथ विलय का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कोई छंटनी नहीं होगी। उन्होंने संबंधित सवाल पर कहा, बिल्कुल गलत जानकारी है। मैं इन बैंकों के हरेक यूनियन को आश्वस्त करना चाहती हूं कि वे शुक्रवार को कही गई मेरी बात याद रखें। जब हमने बैंकों के विलय की घोषणा की थी तभी स्पष्ट कर दिया था कि एक भी कर्मचारी की छंटनी नहीं होगी। बिल्कुल भी नहीं।

अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती के कारण वाहनों की बिक्री में भारी गिरावट को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना जारी रखेगी, लेकिन अन्य वाहनों की कीमत पर नहीं। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (त्रस्ज्ञ) में कटौती करने से संबंधित फैसला जीएसटी काउंसिल लेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान पर वित्त मंत्री ने कहा, क्या डॉ. मनमोहन सिंह कह रहे हैं कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना में लिप्त होने के बजाय समझदार लोगों से बातचीत कर रास्ता निकालना चाहिए? क्या उन्होंने ऐसा कहा है? ठीक है, आपका धन्यवाद, मैं उनके बयान पर विचार करूंगी। यही मेरा जवाब है।

बता दें कि मनमोहन सिंह ने कहा था, भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार झटके को झेल नहीं पाएगी, इसलिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह राजनीतिक प्रतिशोध की भावना को किनारे रखे और समझदार लोगों से बातचीत कर अर्थव्यवस्था को उबारे जो सरकार के पैदा किए संकट में फंस गई है।

## देश की धरोहरों को दुनिया भर में पहुंचायेगी एयर इंडिया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने अपने विमानों के माध्यम से भारत की विश्व धरोहरों को दुनिया भर में पहुंचाने की योजना बनायी है।



एयर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अश्विनी लोहानी ने बताया कि इसके लिए एक विमान को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। इस विमान के बाहरी हिस्से पर देश की सभी विश्व धरोहरों की छवि बनी होगी। उन्होंने कहा कि जब यात्री विमान में सवार होने के लिए जायेंगे या हवाई अड्डे पर इस विमान को देखेंगे तो उन्हें देश की सभी विश्व धरोहरों की छवि उस पर देखने को मिलेगी।

लोहानी ने कहा कि 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर नये स्वरूप में इस विमान को पेश किया जायेगा। लोगों ने यदि इसे पसंद किया तो भविष्य में और विमानों पर इन धरोहरों को दिखाया जायेगा। एयरलाइन के सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया 27 सितंबर से दिल्ली से कनाडा के शहर टोरंटो के लिए सीधी उड़ान शुरू कर रही है।

## गिरिराज सिंह ने कहा- हम गाय पैदा करने की फैक्ट्री लगा देंगे, नई तकनीक से सिर्फ बछिया पैदा होगी

**नागपुर।** अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि वह गाय पैदा करने की फैक्ट्रियां लगा देंगे। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में तकनीक के जरिए केवल बछिया पैदा होंगी। इससे मॉब लिंचिंग की घटनाएं भी रुकेंगी और किसानों को फायदा होगा। केंद्रीय पशुपालन मंत्री ने नागपुर में मदर डेयरी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

गिरिराज सिंह ने कहा, विदर्भ की गायें छोटी होती हैं और केवल एक से दो लीटर दूध देती हैं। मैंने पहले भी कहा है कि आने वाले समय में देश के अंदर जो भी गर्भाधान होगा, जो भी गायें पैदा होंगी वे केवल बछिया होंगी। यह सॉर्टिंग सेक्स सीमन के जरिए संभव होगा। अब मॉब लिंचिंग नहीं होगी और आवारा जानवर उपयोगी बनेंगे। विदर्भ के युवा किसानों को फायदा होगा। देखें विडियो

**2025 तक 10 करोड़ बछिया पैदा होंगी**



गिरिराज सिंह ने कहा, इस साल हमारा लक्ष्य 30 लाख गायें पैदा करने का है। 2025 तक 10 करोड़ बछिया होंगी। उन्होंने आगे कहा, हम गाय पैदा करने की फैक्ट्री लगा देंगे। सरोगेट मदर की एम्बियो ट्रांसप्लांट में और उन्नति करेंगे जिससे जो गायें दूध नहीं दे रही हैं उनके अंदर 20 लीटर दूध देने की क्षमता पैदा करेंगे। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि इससे दुनियाभर में सबसे सस्ता दूध भारत में मिलेगा।

## मोदी की गलतियों से मंदी के जाल में फंसा देश

**» मनमोहन का सरकार पर हमला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था में गिरावट को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ने की क्षमता है, लेकिन मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप यह आज मंदी से जूझ रही है। डॉ सिंह ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि देश की आर्थिक मंदी कुप्रबंधन की शिकार हुई है। सरकार को किसी तरह की राजनीति किए बिना देश को आर्थिक मंदी से बाहर निकालने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि देश लंबे समय तक आर्थिक मंदी को सहन नहीं कर सकता है।



उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर 0.6 प्रतिशत रह गई है। जीडीपी की दर 15 माह के निचले स्तर पर है। खपत दर 18 माह के निचले स्तर पर है। निवेश नहीं हो रहा है, कारोबारी कर के आतंक से परेशान हैं, ऑटो मोबाइल क्षेत्र में पिछले कुछ माह के दौरान साढ़े तीन लाख से अधिक लोगों की नौकरी गई है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था डांवाडोल स्थिति में पहुंच गई है और किसानों की आय घटी है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए यह संकेत ठीक नहीं है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में सरकार ने रिजर्व बैंक से उसकी रिजर्व मद से 7.6 लाख करोड़ रुपये लिए हैं, लेकिन इस पैसे का इस्तेमाल किस तरह से किया जाना है इसके लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। जीडीपी पिछली तिमाही में पांच प्रतिशत की गिरावट तक पहुंच चुकी है और आर्थिक मंदी लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में इस गिरावट की बड़ी वजह नोटबंदी का फैसला और जल्दबाजी में जीएसटी को लागू किया जाना है।


## कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए, पाकिस्तान राहुल गांधी के बयान का इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर रहा है: अमित शाह

**सिलवासा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध करने के लिए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध किया था। यही नहीं, राहुल गांधी के बयान को पाकिस्तान ने अपने भाषण में शामिल किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए कि राहुल गांधी के बयान का इस्तेमाल भारत के खिलाफ हो रहा है।

केंद्र शासित प्रदेश दादर एवं नगर हवेली में आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने कहा, पिछले संसद सत्र में पीएम मोदी ने ऐतिहासिक फैसला लिया। अनुच्छेद 370 और 35 देश के एकीकरण में बाधा थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आपने फिर से पीएम बनाया और उन्होंने संसद के पहले ही सत्र में अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया। पीएम मोदी के अलावा यह काम कोई और नहीं कर सकता था।

कांग्रेसियों को शर्म आनी चाहिए

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, अनुच्छेद 370 के हटने से जम्मू-कश्मीर में विकास के रास्ते खुले हैं। आतंकवाद के ताबूत में हमने अंतिम कील ठोकी है। कश्मीर को पूरी तरह से भारत के साथ मिलाने का काम हुआ है। सब लोग इस फैसले पर सरकार के साथ हैं लेकिन कुछ लोग इसका भी विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध किया। आज भी राहुल गांधी जो बयान देते हैं, उसकी पाकिस्तान में तारीफ होती है। उनके बयान को पाकिस्तान अपनी याचिका में शामिल करता है। कांग्रेसियों को शर्म आनी चाहिए कि उनके बयान का उपयोग भारत के खिलाफ हो रहा है।



बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बार जल शक्ति मंत्रालय की शुरुआत की है। यह मंत्रालय जल संचय, डैमों की क्षमता का विस्तार, घर, गांव, खेतों में पानी की व्यवस्था करेगा। इसके अलावा किसानों को कम पानी में ज्यादा उपज मिले, ऐसी तकनीक का भी विस्तार करेगा।

**जल शक्ति मंत्रालय हर घर को संपूर्ण बनाएगा**

उन्होंने कहा, 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने हर व्यक्ति को घर और हर घर में शौचालय, बिजली और आयुष्मान भारत योजना का कार्ड देने का फैसला किया था। हर घर में शुद्ध पानी देने का संकल्प छूट गया था, जल शक्ति मंत्रालय हर घर को संपूर्ण बनाने का काम करेगा। शाह ने कहा कि आज से यहां अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज शुरू होने जा रहा है।

## एक्सीडेंट के बाद शव के ऊपर से गुजरते रहे वाहन

**» लाश को पहचानना हुआ मुश्किल**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी नई दिल्ली में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. वहीं युवक की मौत के बाद किसी ने पुलिस को समय पर फोन तक नहीं किया. कहा जा रहा है कि पुलिस के आने से पहले तक शव के ऊपर से ही कई वाहन गुजर गए. ऐसे में शव क्षत-विक्षत हो गया. शव को पहचानना मुश्किल हो गया है.

जानकारी के मुताबिक, मामला पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके का है. शनिवार तड़के सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. इसके बाद वाहन रोककर सड़क हादसे का शिकार हुए युवक के प्रति लोगों ने भी बेरहमी दिखाई. कहा जा रहा है कि कई लोगों ने वाहन तक नहीं रोका और शव के ऊपर से ही गुजर गए. ऐसे में कई वाहनों के ऊपर से गुजरने के कारण शव की हालत बेहद खराब हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षत-विक्षत हालत में शव के अवशेषों को इकट्ठा कर मोर्चरी भेजा दिया है. पुलिस मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है. स्थानीय थाना पुलिस की माने तो शनिवार सुबह 5.30 बजे पुलिस का सूचना मिली कि मयूर विहार एक्सटेंशन फ्लाईओवर पर नोएडा जाने की तरफ कई वाहनों ने एक युवक को कुचल दिया है.

## जब पाकिस्तान की एमक्यूएम के संस्थापक ने गाया सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा

**लंदन।** एक ओर जहां पाकिस्तानी सरकार और सेना भारत के खिलाफ लगातार साजिश रच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वहीं के नेता भारत की तारीफ में आगे आ रहे हैं। ऐसे ही एक नेता पाकिस्तानी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के संस्थापक अल्ताफ हुसैन हैं। उन्होंने शनिवार को लंदन में भारत की तारीफ में सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्तां हमारा गाया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के झूठ की पोल भी खोली।



बता दें कि हुसैन पाकिस्तान में मुहाजिरों का समर्थन करने और भारत के विभाजन के आलोचक के रूप में भी जाने जाते हैं।

अल्ताफ ने शनिवार को एक ट्वीट भी किया था जिसमें उन्होंने कश्मीर में संयुक्त राष्ट्र के पर्यवेक्षक भेजने की पाक की मांग पर कहा था कि महासचिव एंटोनियो गुतेरस को शहरी सिंध, बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वाह और गिलिगित-बाल्टीस्तान में भी पर्यवेक्षक भेजना चाहिए ताकि दुनिया को पता चले कि पाकिस्तान में किस तरह मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है। बता दें कि अल्ताफ की पार्टी पर व्यापक कार्रवाई के बाद उन्होंने देश छोड़ दिया था और 1992 से ही ब्रिटेन में रह रहे हैं। हुसैन भले ही सालों से लंदन में रह रहे हों लेकिन अपनी पार्टी को वह वहीं से मैनेज करते हैं। 2015 में पाकिस्तान की कोर्ट ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर रखा है। उनपर हत्या, देशद्रोह, हिंसा भड़काने और हेट स्पीच के आरोप लगाए गए हैं। कोर्ट ने अल्ताफ की तस्वीर, विडियो या बयान मीडिया में दिखाने पर पूरी तरह बैन लगा दिया है। उन्हें शरण दे रखी ब्रिटिश सरकार का कहना है कि उन्हें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह साबित हो कि उन्होंने ब्रिटिश कानून का उल्लंघन किया है।

## पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ पर बंटी कांग्रेस, खुर्शीद बोले, उनके अच्छे काम भूसे में सुई ढूंढने जैसा

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की कब आलोचना की जाए और कब उनकी कामों को सराहा जाए? कांग्रेस में इन दिनों यह सबसे बड़ा सवाल है, जिसके जवाब को लेकर पार्टी के तमाम नेताओं में मतभेद नजर आ रहे हैं। जयराम रमेश, शशि थरूर और अभिषेक मनु सिंघवी ने हाल ही में कहा था कि मोदी के हर काम की निंदा करने से बचना चाहिए। अब इन नेताओं के बयानों पर परोक्ष रूप से टिप्पणी करते हुए पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि यदि पीएम मोदी के अच्छे कामों की तलाश की जाए तो ये भूसे के ढेर में सुई खोजने जैसा ही होगा।

खुर्शीद ने कहा कि जिस तरह से देश को चलाया जा रहा है, उससे कांग्रेस खासी चिंतित है। उनका यह बयान जयराम रमेश की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि नरेंद्र मोदी का गवर्नेंस मॉडल पूरी तरह से नेगेटिव स्टोरी नहीं है। उन्होंने कहा था कि यदि हम उनके अच्छे कामों को नकारते हुए हमेशा निंदा ही करें तो इससे कोई लाभ नहीं होगा। इसके बाद शशि थरूर और अभिषेक मनु सिंघवी ने भी कहा कि पीएम मोदी की उनके सही कामों के लिए प्रशंसा करनी चाहिए।



अब खुर्शीद ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा, मेरे दृष्टिकोण से पीएम मोदी ने क्या अच्छा किया, यह तलाशना ऐसे ही है, जैसे भूसे में सुई की खोज की जाए। मोदी को लेकर जयराम रमेश और अन्य नेताओं के बयानों को लेकर उन्होंने कहा कि वह किसी एक नेता को लेकर अपनी बात नहीं कहना चाहते। रमेश पर उन्होंने कहा, उन्होंने वह कहा जो उन्हें कहना था। हर कोई अपनी तरह से चीजों को समझता है और उसका विश्लेषण करता है। लेकिन, जैसा कि मैंने कहा कि मेरे लिए पीएम मोदी के बारे में कुछ अच्छा खोजना भूसे के ढेर में सुई खोजने जैसा है।

कांग्रेस में गांधी परिवार की भूमिका पर खुर्शीद ने कहा कि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि फिलहाल पार्टी के लिए यह प्रमुख केंद्र है। 66 वर्षीय नेता ने कहा, बीजेपी क्या कहती है और नतीजे क्या हैं, वह अलग बात है। लेकिन हम यह मानते हैं कि उनकी वजह से हमारा मनोबल बढ़ता है। पार्टी में आंतरिक कलह को थामने में सोनिया गांधी की भूमिका को लेकर खुर्शीद ने कहा कि निश्चित तौर पर वह पार्टी को मजबूत करने में सक्षम होंगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अस्पताल की बिल्डिंग से कूदकर डॉक्टर ने खुदकुशी की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग से कूदकर एक डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली. शनिवार को हुई इस घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और इसकी जांच की जा रही है. पुलिस के मुताबिक डॉक्टर की आत्महत्या के संबंध में अन्य डॉक्टरों से पूछताछ की जा रही है. साथ ही डॉक्टर का फोन, कॉल डिटेल्स और परिजनों से भी जानकारी ली जा रही है. अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है.

### राजस्थान, हिमाचल और महाराष्ट्र को मिले नए राज्यपाल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजस्थान, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में नए राज्यपालों की नियुक्ति की गई है. वहीं हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र को स्थानांतरित किया गया है. मिश्र को अब राजस्थान की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं उनकी जगह पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है. भगत सिंह कोश्यारी को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है. आरिफ मोहम्मद खान को केरल जबकि टी सुंदरराजन को तेलंगाना का गर्वनर नियुक्त किया गया है.

### सिरफिरे ने की अंधाधुंध गोलीबारी, 5 लोगों की मौत, 21 घायल

**टेक्सास ।** अमेरिका के टेक्सास में शनिवार को एक सिरफिरे बंदूकधारी ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई है, वहीं करीब 21 लोग घायल हो गए। टेक्सास पुलिस के मुताबिक, बदमाश पहले बाइक पर आया और अमेरिकी डाक विभाग के एक ट्रक को हाइजैक कर वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। स्थानीय पुलिस के मुताबिक फायरिंग की यह घटना मिडलैंड के पास ओडेसा इलाके में हुई। वहीं वारदात को अंजाम देने वाले एक बंदूकधारी को सिनर्जी मूवी थिएटर के पास मार दिया गया है, उसकी उम्र 30 साल बताई जा रही है। बता दें कि अगस्त महीने में भी अमेरिका के टेक्सास और ओहियो में दो अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं में 29 लोगों की मौत हुई थी और 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। गोलीबारी की दोनों घटनाएं 24 घंटे से कम समय में हुई थीं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेक्सास और ओहियो में हुई गोलीबारी की जांच के आदेश दिए थे।

### मंत्री को निशाना बनाकर आईएस ने किया हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक मंत्री को निशाना बनाकर किए गए धमाके में दो पुलसकर्मी घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली है। डेली स्टार अखबार ने पुलिस और चश्मदीदों के हवाले से बताया कि शनिवार रात जब मंत्री साइंस लैब चौराहे से गुजर रहे थे तभी उन पर बम फेंका गया। इस हमले में मंत्री बालबाल बच गए। अखबार ने सहायक उपनिरीक्षक एबी शहाबुद्दीन को उद्धृत किया, '' मंत्री के सुरक्षा दल में छह पुलिसकर्मी थे। घटना के समय मंत्री बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के कार्यक्रम में जा रहे थे। साइंस लैब चौराहे के पास हम लाल बत्ती की वजह से फंस गए। मैं वाहन से उतरकर यातायात पुलिस से मंत्री के लिए रास्ता साफ करने के लिए कहने जा रहा था तभी विस्फोट हुआ।'' विस्फोट में शहाबुद्दीन के अलावा यातायात पुलिस आरक्षी अमीनुल इस्लाम भी घायल हो गए। दोनों को ढाका चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया है और दोनों खतरे से बाहर हैं। ढाका महानगर पुलिस आयुक्त असदुज्जमान मिया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है।